आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 19.04.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- पहले चरण के मतदान के लिए द्वीपसमूह की एकमात्र सीट के लिए आज होने वाले मतदान के लिए चार सौ बारह मतदान केन्द्रों में तीन लाख पन्द्रह हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।
- दक्षिण अंडमान ज़िले में सबसे अधिक दो लाख दस हजार एक सौ उनतालीस मतदाता है।
- मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने मतदाताओं से आगे आकर भारी संख्या में मतदान करने की अपील की है।
- इस बार के चुनाव में द्वीपसमूह की एकमात्र सीट के लिए कुल बारह उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।
- इस बार के चुनाव में दो सौ छह मतदान केन्द्रों में वेब कास्टिंग होगी।

<><><><><><><>

द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने मतदाताओं विशेषकर युवा मतदाताओं से आगे आकर वोट डालने की अपील की है। मतदान सुबह सात बजे से शाम छः बजे तक होगा। कल पोर्ट ब्लेयर में मीडिया से बात करते हुए बी एस जगलान ने सभी पात्र मतदाताओं से प्रजातांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेते हुए चुनावी पर्व को सफल बनाने और अपने मताधिकार का अवश्य ही प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने मतदाताओं से अंतिम समय में मतदान करने की बजाय अपने–अपने घरों से पहले ही निकलकर मतदान करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि द्वीपों में कुल चार सौ बारह मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें से कुछ संवेदनशील, कुछ दुर्गम और कुछ दूर–दराज के क्षेत्र में स्थित है। ऐसे मतदान केन्द्रों में मतदान कराने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

बाईट– जगलान–40 से0

श्री जगलान ने कहा कि द्वीपसमूह में डाक मतपत्रों के माध्यम से चार सौ चौबीस मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें एक सौ तीन वर्ष आयु वर्ग का एक मतदाता भी शामिल है। कैम्पबेल बे का शास्त्री नगर सबसे दक्षिणतम मतदान केन्द्र है। इस बार के चुनाव के लिए आठ सौ पांच कन्ट्रोल यूनिट, आठ सौ पांच बैलेट यूनिट और आठ सौ चवालीस वी वी पैट का इस्तेमाल किया जाएगा।

नौ पिंक मतदान बूथ भी स्थापित किए गए हैं। निकोबार जिले के पिलोपातिया में सबसे कम बारह और लॉ फुल बे में कुल चौदह मतदाता है। चुनाव ड्यूटी में लगे छः हजार पांच सौ सत्रह चुनाव कर्मियों को प्रमाणपत्र जारी किया गया है, ताकि वे अपने ड्यूटी स्थल पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। सभी नौ तहसीलों मे मतदान सामग्रियां पहुंचाई जा चुकी है। आज द्वीपों में सवैतनिक अवकाश की घोषणा की गई है और आज तथा मतगणना के दिन पूरे द्वीपों में ड्राई डे भी रहेगा। भारतीय चुनाव आयोग की ओर से नियुक्त तीनों पर्यवेक्षक भी पूरी चुनावी प्रकिया पर नजर रखेंगे। श्री जगलान ने सभी मतदाताओं विशेषकर पहली बार वोट डालने वाले और महिला मतदाताओं से बड़ी संख्या में वोट डालकर प्रजातांत्रिक मूल्य का गौरव बढ़ाने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आज होने वाले मतदान में दक्षिण अंडमान जिले मे सबसे अधिक दो लाख दस हजार एक सौ उनतालीस मतदाता है। इनमें एक लाख नौ हजार आठ सौ अस्सी पुरूष और एक लाख दो सौ छप्पन महिलाएं हैं। इनमें तीन ट्रांसजेन्डर मतदाता भी है। मध्योत्तर अंडमान जिले में कुल उन्यासी हजार पांच सौ अट्ठहत्तर मतदाताओं में इकतालीस हजार एक सौ तैंतीस पुरूष, अड़तीस हजार चार सौ चवालीस महिलाएं और एक ट्रांसजेन्डर है। निकोबार जिले में पच्चीस हजार चार सौ इक्कतीस मतदाताओं में से बारह हजार नौ सौ निन्यानब्बे पुरूष और बारह हजार चार सौ बत्तीस महिलाएं हैं। पोर्ट ब्लेयर तहसील में कुल एक लाख उनचास हजार छः सौ छियासठ मतदाता हैं। फरारगंज में छियालीस हजार तीन सौ तिरासी, डिगलीपुर में चौंतीस हजार सात सौ छिहत्तर, रंगत में पच्चीस हजार सात सौ आठ, मायाबंदर में उन्नीस हजार चौरानब्बे, लिटिल अंडमान में चौदह हजार नब्बे, कार निकोबार में बारह हजार छः

सौ छत्तीस, ननकौड़ी में छः हजार नौ सौ सत्रह और कैम्पबेल बे में पांच हजार आठ सौ अट्ठहत्तर मतदाता ह।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आज होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने आज होने वाले मतदान में मतदाताओं से बढ़–चढ़कर मतदान करने की अपील की है। आकाशवाणी समाचार के माध्यम से अपील में मुख्य सचिव ने कहा कि इस बार के चुनाव के लिए मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए कई स्वीप गतिविधियां आयोजित की गई। इस बार के चुनाव के लिए तैयारियां भी पूरी है और मतदाताओं की सुविधा का भी ध्यान रखा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए कुल बारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। इनमें चार राष्ट्रीय दल के उम्मीदवार है, जबकि तीन पंजीकृत गैर–मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के उम्मीदवार हैं। इस बार के चुनाव में पांच निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं, जिनमें दो महिलाएं भी हैं। द्वीपों की लोकसभा की एकमात्र सीट के लिए जो बारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, उनमें भारतीय जनता पार्टी के श्री बिष्णु पद रे, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा, मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के डी. अय्यप्पन, ऑल इंडिया अन्ना डीएमके के केजेबी सेल्वाराज, बहुजन समाज पार्टी के डॉ. अरूण कुमार मल्लिक, अंडमान निकोबार डेमोक्रेटिक कांग्रैस के मनोज पॉल, एसयूसीआई मार्क्सवादी के सलामत मंडल के अलावा पांच निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं। इनमें के. वेंकटराम बाबू, वी.के अब्दुल अज़ीज, आनन्द रामनाथ अरलेकर, रिंकु माला मंडल और उषा कुमारी शामिल है ।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के चार सौ बारह मतदान केन्द्रों में से पचास प्रतिशत मतदान केन्द्रों में आज वेब कास्टिंग होगी। निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने बताया कि इस बार दो सौ छः मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग होगा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग पंक्ति होगी और उन्हें मतदान में प्राथमिकता दी जाएगी। मतदान केन्द्र के दो सौ मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की चुनावी गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा और वाहनों का प्रवेश भी वर्जित रहेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में लोकसभा चुनाव को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए परिवहन की भी व्यापक व्यवस्था की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी.एस जगलान ने बताया कि चार सौ बारह मतदान केन्द्रों के लिए एक सौ चालीस रूट बनाए गए हैं। इनमें एक सौ सोलह बसों का इस्तेमाल किया जाएगा। ग्यारह जीप होंगे और तीन जलयान की व्यवस्था होगी। इस चुनाव में तीन आदिम जनजातियों के नाम भी मतदाता सूची में शामिल हैं। इनमें शोम्पेन मतदाताओं की संख्या अट्ठानब्बे, ओंगी की अड़सठ और अंडमानिस की उनतालीस है।

<><><><><><><>

भारतीय चुनाव आयोग की ओर से आज सुबह सात बजे से लेकर एक जून संध्या साढ़े छः बजे तक एक्ज़िट पोल पर प्रतिबंध लगाया गया है। आयोग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि इस दौरान एक्ज़िट पोल के बारे में किसी भी प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसका प्रसारण या प्रचार नहीं होना चाहिए। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के सभी मतदाताओं से इस संबंध में सतर्क रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>